हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

10 गांधी-शास्त्री जयंती पर विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का संदेश



10 टेबल टेनिस कोर्ट और अस्पताल में शेड निर्माण का भूमिपूजन



खबर संक्षेप

स्वच्छता के लिए शपथ लेना पर्याप्त नहीं उसका अनुसरण जरूरी

जगदलपुर। भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर द्वारा महात्मा गांधी की जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 2 अक्टूबर को क्रीड़ा परिसर एवं पीजी कॉलेज परिसर, धरमपुरा में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी बीएस ध्रुव, डीईओ बलिराम बघेल, व्यायाम शिक्षक कोटेश्वर नायडू, हॉस्टल अधीक्षिका सावित्री मण्डावी, तीरथ बघेल, जोगेश जंगम, अनूप कुमार व दशरथ नेताम समेत स्कूल एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता ही सेवा अभियान के उद्देश्य, स्वच्छता के महत्व तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

डोंगाघाट में बाढ़ पीड़ितों के लिए मसीहा बने सूरज



जगदलपुर। इंद्रावती नदी में आई भीषण बाढ़ ने जगदलपुर के डोंगाघाट क्षेत्र में जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। बाढ़ के इस संकट के बीच शिव मंदिर वार्ड निवासी सूरज ठाकुर ने मानवता और सेवा की ऐसी मिसाल पेश की, जिसे डोंगाघाट के लोग लंबे समय तक याद रखेंगे। बाढ़ के कारण सूरज ठाकुर का स्वयं का मकान ढह गया और उनका पूरा परिवार भी बाढ़ से प्रभावित हुआ। इसके बावजूद उन्होंने अपनी परेशानियों की परवाह किए बिना डोंगाघाट के बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद करने का निर्णय लिया। वे अपनी जान जोखिम में डालकर गले तक भरे पानी के बीच घर-घर पहुंचे और जरूरतमंद लोगों तक पानी, भोजन, नाश्ता सहित आवश्यक सामग्री पहुंचाने का कार्य किया। सूरज ठाकुर ने बाढ़ की विकट परिस्थितियों में कई परिवारों तक पहुंचकर उनका हालचाल जाना और जरूरत के अनुसार सहायता उपलब्ध कराई।

भागवत कथा में महा रासलीला और रुक्मिणी विवाह की प्रस्तुति

जगदलपुर। घाटपदमूर स्थित शिवानंद आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा वाचक स्वामी लक्ष्मण दास महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की महा रासलीला, रुक्मिणी विवाह और कंस उद्धार के प्रसंगों का वर्णन किया। स्वामी लक्ष्मण दास महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला सांसारिक दृष्टि से देखने का विषय नहीं, बल्कि जीव और परमात्मा के बीच प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गोपियों का श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम निष्काम भक्ति का उदाहरण है। जब भक्त अपने अहंकार और सांसारिक मोह को छोड़कर भगवान की शरण में जाता है, तब उसे परम आनंद की अनुभूति होती है। कथा में रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भी विस्तार से वर्णन किया गया। महाराज ने बताया कि रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य मानती थीं और मन ही मन उन्हें पति के रूप में स्वीकार कर चुकी थीं। जब उनके विवाह की तैयारी किसी अन्य से कराई जा रही थी, तब उन्होंने श्रीकृष्ण को संदेश भेजकर अपनी मनोकामना बताई। भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी की भक्ति और प्रेम को स्वीकार करते हुए उनका हरण कर विवाह किया। इस प्रसंग को श्रद्धालुओं ने अत्यंत भाव-विभोर होकर सुना।

नदी-नालों की धार अभी तेज, एडवेंचर स्पोर्ट्स नहीं, पर्यटक मायूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

फिसलन व पानी भरा होने से नहीं खुले कुटुमसर गुफा के दरवाजे


बस्तर जिले के कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान में मानसून के दौरान सुरक्षा कारणों से बंद की गई गुफाएं और राफ्टिंग एक अक्टूबर से भी शुरू नहीं हो सकीं। लगातार बारिश, गुफाओं के अंदर पानी भरने और नदी-नालों के उफान से खतरे को देखते हुए कुटुमसर गुफा, कैलाश गुफा और दंडक गुफा को फिलहाल पर्यटकों के लिए बंद रखा गया है। वहीं बैंबू राफ्टिंग, कयाकिंग और ट्रैकिंग जैसी एडवेंचर गतिविधियां भी शुरू नहीं हो पाई हैं। इसके चलते बस्तर पहुंचने वाले कई पर्यटक निराश होकर लौट रहे हैं। उद्यान प्रबंधन के अनुसार बरसात के मौसम में गुफाओं के अंदर पानी भर जाता है। इसके साथ ही कुछ हिस्सों में ऑक्सीजन का स्तर कम होने की स्थिति बन सकती है। उद्यान के अंदरूनी मार्गों पर फिसलन के साथ भूस्खलन का खतरा भी बना रहता है। ऐसे में किसी बड़े हादसे की आशंका को देखते हुए गुफाओं को खोलने का निर्णय फिलहाल टाल दिया गया है। कुटुमसर गुफा चूना पत्थर से बनी प्राकृतिक गुफा है, जो अंदर मौजूद स्टैलेक्टाइट और स्टैलेग्माइट संरचनाओं के लिए प्रसिद्ध है। बस्तर आने वाले पर्यटकों के लिए यह प्रमुख आकर्षणों में शामिल है। इस वर्ष अब तक बड़ी संख्या में पर्यटक कुटुमसर गुफा देखने पहुंचे हैं। इनमें विदेशी पर्यटक भी शामिल रहे हैं।

अलग खबर

पर्यटकों की उम्मीद

बारिश के दौरान गुफाओं में पानी भरने, ऑक्सीजन स्तर प्रभावित होने, फिसलन और भूस्खलन का खतरा रहता है। पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए गुफाओं और एडवेंचर गतिविधियों को फिलहाल बंद रखा गया है। बारिश थमने और परिस्थितियां अनुकूल होने के बाद ही गुफाओं व एडवेंचर गतिविधियों को दोबारा शुरू किए जाने की संभावना है। तब तक कांगेरघाटी पहुंचने वाले पर्यटकों को प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण बाहर से ही करना पड़ रहा है।





एडवेंचर गतिविधियां भी ठप

बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कांगेरघाटी क्षेत्र के अलावा तीरथगढ़, धुड़मारास और मांझीपाल जैसे क्षेत्रों में बैंबू राफ्टिंग, कयाकिंग और ट्रैकिंग सहित कई साहसिक गतिविधियां संचालित की जाती हैं। मानसून के चलते इन गतिविधियों को भी सुरक्षा कारणों से बंद किया गया है।

मौसम सामान्य होने से शुरू होगी : कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक गौतम नारायण पडिभार ने बताया कि मानसून के चलते गुफाएं एवं जलक्रीड़ा बंद की गई है। बंद की गई गुफाएं और जलक्रीड़ा गतिविधियां आमतौर पर मौसम सामान्य होने के बाद 15 अक्टूबर से शुरू करने का प्रयास किया जाएगा।

खातीगुड़ा बांध से अचानक पानी छोड़े जाने को बताया संकट का कारण

बाढ़ प्रभावितों को विशेष राहत पैकेज देने किरण देव ने केंद्र और राज्य सरकार को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव ने बस्तर संभाग, विशेषकर जगदलपुर और इंद्रावती नदी के तटीय क्षेत्रों में आई भीषण बाढ़ की स्थिति को लेकर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष सीआर पाटिल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा को पत्र लिखा है। उन्होंने बाढ़ प्रभावितों के तत्काल पुनर्वास, विशेष मुआवजा पैकेज, जोरा नाला की नई डीपीआर और दीर्घकालिक बाढ़ प्रबंधन योजना को तत्काल स्वीकृति देने का आग्रह किया है।


- जोरा नाला की नई डीपीआर और स्थायी बाढ़ प्रबंधन योजना की मांग

किरण देव ने केंद्रीय मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि ओडिशा स्थित इंद्रावती जलाशय (खातीगुड़ा बांध) से अग्रिम चेतावनी और उचित अंतर-राज्यीय समन्वय के बिना भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण इंद्रावती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया। इसके चलते जगदलपुर शहर के कई वार्ड और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र जलमग्न हो गए।

हजारों एकड़ में लगी फसलें बर्बाद हुईं, मकान क्षतिग्रस्त हुए, मवेशी बह गए और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। देव ने कहा कि अंतर-राज्यीय जल विनियमन की कमी, जोरा नाला की भौगोलिक स्थिति और प्रभावी बाढ़ प्रबंधन के अभाव ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। उन्होंने बस्तर जैसे जनजातीय बहुल और आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्र में प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत देने की आवश्यकता बताई।

जोरा नाला की नई डीपीआर बनाने पर जोर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जोरा नाला की नई डीपीआर तैयार कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत बताई। उन्होंने आधुनिक हाइड्रोलॉजिकल अध्ययन के आधार पर जोरा नाला में अनियंत्रित कटाव और इंद्रावती नदी के जल विचलन को नियंत्रित करने के उपाय करने की बात कही। उन्होंने जोरा नाला पर आधुनिक स्वचालित गेटेड रेगुलेटर स्ट्रक्चर बनाने का सुझाव भी दिया, ताकि मानसून के दौरान अतिरिक्त जलप्रवाह को वैज्ञानिक तरीके से नियंत्रित किया जा सके और बस्तर पर बाढ़ का दबाव कम हो।



फसल और मकान क्षति पर विशेष राहत की मांग

उन्होंने मांग की कि बाढ़ से नष्ट हुई खरीफ फसलों के लिए किसानों को प्रति एकड़ एनडीआरएफ मद से विशेष राहत राशि तत्काल स्वीकृत की जाए। क्षतिग्रस्त कच्चे-पक्के मकानों के परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राथमिकता से आवास उपलब्ध कराया जाए तथा जीवन-यापन के लिए तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए। इसके अलावा बाढ़ में बह गए पशुधन तथा प्रभावित छोटे व्यापारियों और दुकानदारों के नुकसान का शीघ्र सर्वे कराने और डीबीटी के माध्यम से मुआवजा राशि सीधे खातों में भेजने का आग्रह किया गया है।

24 से 48 घंटे पहले मिले चेतावनी

देव ने इंद्रावती बेसिन में सेंसर आधारित चेतावनी प्रणाली स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि खातीगुड़ा बांध से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा और समय का रियल-टाइम टेलीमेट्री डेटा छत्तीसगढ़ प्रशासन के साथ साझा किया जाना चाहिए, ताकि निचले इलाकों में कम से कम 24 से 48 घंटे पहले चेतावनी देकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके। उन्होंने केंद्रीय जल आयोग के तकनीकी मार्गदर्शन में इंद्रावती नदी में वर्षों से जमा गाद हटाने के लिए ड्रेजिंग प्रोजेक्ट स्वीकृत करने की भी मांग की है।

शहर के लिए एकीकृत ड्रेनेज सिस्टम की मांग

जगदलपुर के शहरी बाढ़ प्रबंधन को लेकर देव ने अमृत योजना के अंतर्गत एकीकृत स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने का सुझाव दिया। साथ ही संवेदनशील तटवर्ती क्षेत्रों में गाइड बांध और तटबंध बनाने की मांग की है। इंद्रावती के जलग्रहण क्षेत्रों में पौधरोपण, मृदा संरक्षण और कंटूर ट्रेंचिंग जैसे कार्यों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया है।

एटीएम कार्ड बदलकर ठगी, अंतर्राज्यीय गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एटीएम से रुपए निकालने के दौरान ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हरियाणा व ओडिशा के आरोपियों से बाइक, एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, मोबाइल, आधार, पेन कार्ड व नगद रकम बरामद की गई है।

- जगदलपुर व गीदम में घटनाओं को दिया था अंजाम

मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी सुखनन्दन राठौर के मार्गदर्शन तथा सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान एवं रेंज सायबर थाना प्रभारी गौरव तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी।

बोधघाट थाना में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी रामेश्वर बघेल निवासी संजय गांधी वार्ड ने बताया कि 12 फरवरी को वह बोधघाट चौक में स्थित इंडिया वन एटीएम में पैसा निकालने गया था, जहां पर उसके पीछे पीछे दो व्यक्ति भी उसके साथ एटीएम बूथ के अंदर घूंस गए और उसे अपने बातों में बहला फुसला कर एटीएम पिन कोड को पता करते हुए प्रार्थी के एटीएम कार्ड को अपने पास रखे, डमी एटीएम कार्ड से बदली कर उसके साथ धोखेधड़ी करते हुए प्रार्थी के अकॉउंट से 30 हजार नगद तथा पॉस मशीन की मदद से 75 हजार कुल 1 लाख 5 हजार आहरण कर ठगी किया है। रिपोर्ट दर्ज होते ही टीम के द्वारा घटना दिनांक का घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज एकत्रित किया गया एवं आसपास के टावर डंप लेकर विश्लेषण किया गया तथा संदेह के आधार पर दो व्यक्तियों का लोकेशन चेक किया गया।



संदेही व्यक्ति का लोकेशन हिसार हरियाणा में होना पाया गया, जिसे लगातार ट्रैक किया जा रहा था। इसी बीच संदेही का लोकेशन कोटपाड़ ओडिशा में होना पाया गया। जिसे तत्काल रेड कार्यवाही करते हुए हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि वह अपने साथी भीम उर्फ भीमो के साथ मिलकर घटना दिनांक को अपने डमी एटीएम से बदलकर उसके अकॉउंट ठगी करना स्वीकार किया।

कमर्शियल गैस की कीमत बढ़ोतरी का विरोध

बैज बोले महंगाई से गरीब-मध्यम वर्ग परेशान

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने शुक्रवार को राजीव भवन जगदलपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्र और राज्य सरकार पर महंगाई तथा बस्तर में आई बाढ़ को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक अक्टूबर से 19 किलो के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में अलग-अलग शहरों में करीब 62.50 से 71.50 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में इसकी कीमत 2810 रुपये हो गई है। घरेलू 14.2 किलो सिलेंडर के दाम में इस बार बदलाव नहीं हुआ है। बैज ने कहा कि कमर्शियल गैस महंगी होने से होटल, रेस्टोरेंट, कैटरिंग और खाद्य कारोबार की लागत बढ़ेगी, जिसका असर बाजार में मिलने वाले भोजन और अन्य उत्पादों की कीमतों पर पड़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण गरीब और मध्यम वर्ग पर महंगाई का बोझ बढ़ रहा है।



मुख्यमंत्री के बाढ़ दौरे पर भी उठाए सवाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बस्तर दौरे को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि बाढ़ से प्रभावित लोगों की समस्याओं और नुकसान को गंभीरता से नहीं लिया गया तथा दौरा महज औपचारिकता बनकर रह गया। उन्होंने कहा कि बस्तर में बाढ़ से मकान, घरेलू सामान, पशुधन और फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। कई सड़कें, पुल-पुलिया और संपर्क मार्ग भी प्रभावित हुए हैं।उन्होंने बाढ़ में हुई मौतों का उल्लेख करते हुए प्रभावित परिवारों के लिए विशेष सहायता की मांग की।

सुरक्षित सफर के लिए यातायात पुलिस का सख्त निर्देश, बस परिवहन संघ की ली बैठक

जगदलपुर। आगामी त्यौहारों से पूर्व सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार बैठक ली जा रही है। इसी तारतम्य में बस परिवहन संघ की बैठक आयोजित कर सुरक्षित सफर के लिए सख्त निर्देश देते हुए कई अहम फैसले लिए गए है। एसपी शलभकुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी सुखनंदन राठौर एवं सीएसपी सुमित कुमार धोत्रे के मार्गदर्शन में आगामी त्यौहारों को देखते हुए शहर में यातायात एवं मार्ग व्यवस्था बनाए रखने त्रिवेणी परिसर में बस परिवहन संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया था। इस बैठक में बस परिवहन संघ से जुड़े संचालकों और पदाधिकारियों समेत 45 सदस्य मौजूद रहे। आगामी त्योहारों के दौरान सड़कों पर बढ़ने वाली भीड़ और यातायात दबाव को देखते हुए बस संचालन में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर चर्चा कर नियमों का पालन करने कहा गया। यातायात पुलिस ने बस संचालकों को स्पीड गवर्नर की जांच, फर्स्ट एड बॉक्स, सुरक्षा उपकरण, अग्निशमन यंत्र और आपातकालीन खिड़की की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

19वें स्थापना दिवस पर शहीद महेंद्र कर्मा विवि ने तय की विकास की नई राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में गुरुवार को 19वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की स्थापना से अब तक की विकास यात्रा, उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के नेतृत्व तथा समर्पित शिक्षकों एवं कर्मचारियों के योगदान से विश्वविद्यालय ने अब तक का उल्लेखनीय सफर तय किया है। कुलपति ने कहा कि युवाओं को सक्षम बनाने के लिए आईएसएफ और इनोवेशन महाकुंभ 1.0 जैसे कई प्रयास किए गए हैं। आने वाले समय में विश्वविद्यालय में कई नए पाठ्यक्रम भी शुरू किए जाने हैं। कुलपति ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विश्वविद्यालय की मदद के लिए तत्पर हैं। ऐसे में विकसित भारत 2047 के सपने के साथ विकसित बस्तर के लिए आर्थिक और सांस्कृतिक विकास मॉडल की नई दृष्टि तैयार करनी होगी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों आयुषी, सुमित और श्रुति ने भी अपने विचार रखे। विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्वी चंद्राकर और अंशिका गुप्ता ने किया। लैब टेक्नीशियन प्रवीण द्विवेदी ने गीतों के माध्यम से युवाओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

- भवन का इंतजार नहीं, लक्ष्य तय कर रिसर्च और नवाचार को दें गति : कुलपति



कांगेर घाटी को मिलेगा प्राकृतिक स्वरूप

पेड़ों से हटेंगे विज्ञापन बोर्ड और होर्डिंग्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के जंगलों और पेड़ों पर लगाए गए विज्ञापन बोर्ड, बैनर, होर्डिंग्स और कीलों को हटाने का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रीय उद्यान के प्राकृतिक स्वरूप और वन्यजीवों के आवास को सुरक्षित रखने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उद्यान निदेशक ने संबंधित परिक्षेत्र अधिकारी को नोटिस जारी कर जंगल के बीच से गुजरने वाले मार्गों के किनारे पेड़ों पर लगाए गए विज्ञापन बोर्ड और बैनर हटाने के निर्देश दिए हैं। पेड़ों पर कीलें ठोककर बोर्ड या विज्ञापन लगाने से पेड़ों के ऊतकों को नुकसान पहुंचता है। इससे फंगल संक्रमण और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। लगातार नुकसान होने पर पेड़ कमजोर होकर सूख भी सकते हैं। ऐसे में जंगल क्षेत्र में इस तरह के विज्ञापनों पर रोक लगाने से पेड़ों की सुरक्षा में मदद मिलेगी। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जैव विविधता के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां छत्तीसगढ़ के राजकीय पक्षी बस्तर मैना (पहाड़ी मैना) सहित अनेक दुर्लभ वन्यजीव और पक्षियों का प्राकृतिक आवास है। जंगलों के बीच कृत्रिम चमक-दमक, विज्ञापन बोर्ड और होर्डिंग्स वन्यजीवों के प्राकृतिक वातावरण को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए प्राकृतिक क्षेत्रों को अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त रखना जरूरी है। उद्यान को हाल ही में यूनेस्को की विश्व धरोहर की अस्थायी सूची में शामिल किया गया है। ऐसे में पार्क के प्राकृतिक और पर्यावरणीय स्वरूप को संरक्षित रखना और भी महत्वपूर्ण हो गया है। प्लास्टिक, अवैध विज्ञापनों और कृत्रिम प्रचार सामग्री से जंगलों को दूर रखने की पहल राष्ट्रीय उद्यान की प्राकृतिक पहचान को मजबूत करने में सहायक होगी।

- पेड़ों में लगी कीलें और बैनर हटाने की जा रही कार्रवाई, रेंजर को दिए निर्देश

खास खबर



जंगल में अब नहीं दिखेंगे अवैध होर्डिंग्स

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक गौतम नारायण पडिभार ने बताया कि उद्यान के जंगलों के बीच से गुजरने वाले मार्गों पर पेड़ों में लगे अवैध विज्ञापन बोर्ड, बैनर और होर्डिंग्स हटाए जाएंगे। कार्रवाई के जरिए लोगों को पर्यावरण संरक्षण और वन संपदा की सुरक्षा का संदेश देने की तैयारी है।

गांधी-शास्त्री जयंती पर सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश



जगदलपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं 5वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल जगदलपुर के संयुक्त तत्वावधान में सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान फल उद्यान की स्थापना, 50 से अधिक फलदार पौधों का रोपण तथा ज्ञानगुड़ी रोड पर विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। फल उद्यान स्थापना एवं पौधारोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता कमांडेंट संतोष महतो ने की। ट्री-मैन सम्पत झा तथा राम कुमार देवांगन, सहायक प्राध्यापक, उद्यानिकी महाविद्यालय जगदलपुर एवं कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान आम, लीची, अमरूद और नाशपाती सहित विभिन्न प्रजातियों के 50 से अधिक फलदार पौधे लगाए गए। पौधरोपण के लिए फलदार पौधे ट्री-मैन सम्पत झा ने उपलब्ध कराए। इसी क्रम में ज्ञानगुड़ी रोड पर एनएसएस द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

खबर संक्षेप

अनुसूचित क्षेत्र के शिक्षकों–कर्मचारियों को अतिरिक्त अवकाश देने की मांग

कोण्डागांव। अनुसूचित क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को शासन के प्रावधानों के अनुरूप 10 दिवस अतिरिक्त अर्जित अवकाश एवं 7 दिवस अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश प्रदान करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, जिला कोण्डागांव ने जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान को ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि अनुसूचित क्षेत्रें में पदस्थ कर्मचारियों के लिए शासन द्वारा अतिरिक्त अवकाश का प्रावधान किया गया है। संगठन ने संबंधित प्रावधानों के अनुसार पात्र शिक्षकों एवं कर्मचारियों को इसका नियमित लाभ देने की मांग की।

पोस्टरों में धड़का स्वस्थ दिल का संदेश, नर्सिंग छात्रों ने बताए हृदय को स्वस्थ रखने के उपाय

कोण्डागांव। विश्व हृदय दिवस पर आमजन में हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 29 सितम्बर को स्वास्थ्य विभाग, जिला कोण्डागांव द्वारा शासकीय जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर, कोण्डागांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग विद्यार्थियों ने रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक पोस्टरों के माध्यम से स्वस्थ हृदय और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हृदय रोगों से बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता को पोस्टरों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

पलारी में हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम

कोण्डागांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पलारी में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े बच्चों एवं हितग्राहियों को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ समुदाय में जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने सेवा संकल्प कार्यक्रम के उद्देश्य एवं बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति समुदाय की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला।

रांधना में विद्यार्थियों को मिली 50 सीटर छात्रवास भवन की सौगात

कोण्डागांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत माकड़ी विकासखंड के ग्राम रांधना में विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए बेहतर आवासीय सुविधा की सौगात मिली। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने नवनिर्मित 50 सीटर प्री–मैट्रिक बालक छात्रवास भवन का लोकार्पण किया। साथ ही ग्राम रांधना में 30 लाख की लागत से बनने वाले महतारी सदन का भूमिपूजन भी किया गया। नवनिर्मित छात्रवास भवन से दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। इससे विद्यार्थियों को घर से दूर रहकर भी अपनी पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रखने में सहुलियत मिलेगी।

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि सुकमा में SBI बैंक के बगल में, मेन रोड NH-30, बापू राव कॉलेज के सामने, मौजे सुकमा, जिला दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़ - 494111 स्थित जमीन (खसरा नंबर 711/13, क्षेत्रफल 0.811 हेक्टेयर - बिक्री समझौते के अनुसार खसरा नंबर 711/1 पैकी) पर बनी इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित 744 वर्ग फुट की कमर्शियल यूनिट (जिसे 'उक्त संपत्ति' कहा गया है) को मेरे क्लाइंट श्री शेख जाकिर हुसैन द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड को लीज (पट्टे) पर दिया जा रहा है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, या सरकारी/अर्ध-सरकारी संस्थान/निकाय/प्राधिकरण का इस संपत्ति पर कोई दावा, अधिकार, मालिकाना हक, हित या हिस्सा है, या यदि किसी को इस लेन-देन पर कोई आपत्ति है, तो उन्हें सूचित किया जाता है कि वे इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को लिखित रूप में अपनी आपत्ति और सभी सहायक दस्तावेजों की प्रतियां जमा करें। यदि इस सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को लिखित रूप में आपत्तियां और सभी सहायक दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त नहीं होती हैं, तो यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति का मालिकाना हक स्पष्ट है और संबंधित सभी पक्षों ने अपने अधिकारों का त्याग कर दिया है। इसके बाद वे कोई आपत्ति नहीं उठा सकेंगे और हम लीज डीड या ऐसे समझौतों को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे; साथ ही, ऐसे सभी व्यक्तियों को भविष्य में इस लेन-देन पर कोई भी आपत्ति उठाने से रोक दिया जाएगा।

अधिवक्ता मनीष सिंह
OFFICE/RESIDENCE:PUSHPA- VILLA, NO. – 47/815DAYANAND NAGAR LANE-1KATORA TALAB CIVIL LINES RAIPUR (C.G.) PIN -492001
MOB. No.- 8770950462, 9827162238

गांधी-शास्त्री जयंती पर विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर 2 अक्टूबर को कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशकाल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

- विद्यालय परिसर और गार्डन की सफाई की, रंगोली व निबंध प्रतियोगिता हुई

जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए विद्यालय परिसर के विभिन्न हिस्सों की साफ-सफाई की। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में स्थित गार्डन की भी सफाई की गई।

स्वच्छता अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने परिसर में साफ-सफाई के महत्व को समझा तथा नियमित रूप से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, उनके विचारों तथा देश के प्रति उनके योगदान को अपने शब्दों में प्रस्तुत किया।



छात्रों ने निकाली जनजागरूकता रैली

भजन और नारों के माध्यम से स्वच्छता, अहिंसा एवं सत्य का दिया संदेश



कोण्डागांव। बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्राचार्य एनके नायक एवं राजेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में इस अवसर पर जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जनजागरूकता रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों ने भजन–कीर्तन एवं प्रेरणादायी नारों के माध्यम से स्वच्छता, अहिंसा, सत्य एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि समाजसेवी मोहन कोटडिया ने गांधी चौक पहुंचकर पूजा–अर्चना की। उन्होंने विद्यार्थियों को फल वितरित किए तथा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांतों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में शांति कौशल, बी. जान, राधेश्याम मांझी, धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, हरिशंकर नेताम, शिवचरण मंडावी, निर्मल सिन्हा, लालजी मंडावी, संजय ढाली, अभिलाष निषाद, लक्ष्मण पोयाम, तुलेश निर्मलकर, ममता लकड़ा, मृदुला गायकवाड़ सुश्री उत्तरा साहू, तरन्नुम निशा, पूर्णिमा नाग, अंजु मिंज, सुश्री दीपलता मरकाम एवं सुश्री बिन्दु साहू सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक–कर्मचारियों, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेटों का विशेष योगदान रहा।

फरसगांव में स्वच्छता अभियान, सफाई कर्मियों ने किया श्रमदान

फरसगांव। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं स्वच्छता दिवस पर नगर पंचायत फरसगांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता ही सेवा, सेवा संकल्प एवं सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मियों ने स्वच्छता की शपथ लेकर भीमा तालाब परिसर और अस्पताल मैदान में श्रमदान किया। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छ एवं सुंदर फरसगांव के निर्माण में सफाई मित्रों एवं स्वच्छता कर्मियों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया गया।

जटायु शीला मंदिर में स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त रखने का संदेश



फरसगांव। सेवा संकल्प अभियान के तहत 2 अक्टूबर को उप वनमंडल एवं वन परिक्षेत्र फरसगांव द्वारा परिसर कॉलोनी और नेशनल हाईवे स्थित जटायु शीला मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। अभियान में कोर्राबडगांव समिति के सदस्य, सरपंच एवं ग्रामीणों ने सहभागिता की। मंदिर परिसर एवं आसपास साफ-सफाई कर प्लास्टिक कचरा हटाया गया। साथ ही लोगों को परिसर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

बृजेश तिवारी साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का 10वां दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन बेमेतरा में 26 एवं 27 सितंबर को आयोजित किया गया। सम्मेलन में कोण्डागांव अंचल का प्रतिनिधित्व प्रतिष्ठित साहित्यकार बृजेश कुमार तिवारी एवं मनीष कुमार मेश्राम ने किया और आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई। सम्मेलन के दौरान छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने साहित्यकार बृजेश कुमार तिवारी को उनके साहित्यिक योगदान तथा छत्तीसगढ़ी राजभाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

पैरालीगल वॉलिंटियर्स को मिला साइबर अपराध से बचाव का प्रशिक्षण

कोण्डागांव। जिले के समस्त पैरालीगल वॉलिंटियर्स के लिए एक दिवसीय साइबर जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पैरालीगल वॉलिंटियर्स को बढ़ते साइबर अपराधों, उनसे बचाव के उपायों तथा आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए आवश्यक जानकारी और व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुश्री गायत्री साय उपस्थित रहीं। साइबर जागरूकता विशेषज्ञ एवं थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय ने पैरालीगल वॉलिंटियर्स को साइबर अपराध से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों, फर्जी कॉल एवं संदेश, ओटीपी साझा करने से होने वाले नुकसान, फर्जी लिंक, ऑनलाइन बैंकिंग एवं डिजिटल भुगतान में होने वाली धोखाधड़ी तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही व्यक्तिगत एवं गोपनीय जानकारी की सुरक्षा के उपाय भी समझाए गए।



उमरगांव जलाशय में मनाया गया सेवा संकल्प अभियान, जल संरक्षण का लिया संकल्प

कोण्डागांव। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत उमरगांव जलाशय में जल चौपाल एवं जल संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों एवं किसानों को जल संरक्षण, जल संचयन, बांध सुरक्षा तथा पानी के मितव्ययी उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जल के महत्व की जानकारी देते हुए वर्षा जल के संरक्षण, जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखने तथा सिंचाई एवं दैनिक उपयोग में पानी की बचत करने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए भविष्य में पानी की बर्बादी रोकने का संकल्प लिया। जल चौपाल के दौरान बांध सुरक्षा अधिनियम 2021 के प्रमुख प्रावधानों एवं नागरिकों की जिम्मेदारियों के संबंध में भी जानकारी साझा की गई। ग्रामीणों और किसानों से जल संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा जलाशय एवं उसके आसपास के प्राकृतिक वातावरण को सुरक्षित रखने की अपील की गई।



राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मना

कोण्डागांव। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सम्बलपुर में इस वर्ष भी राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डीएस ध्रुव ने राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्वज फहराने के साथ किया। इसके पश्चात उपस्थित छात्र–छात्राओं ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। प्राचार्य डी.एस. ध्रुव एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एम.आर. नेताम ने स्वयंसेवकों को प्रेरणादायी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी वर्ष 1969 में राष्ट्रीय सेवा योजना का गठन नई दिल्ली में किया गया था। प्रारंभ में इसका संचालन शासकीय महाविद्यालयों से हुआ, जबकि वर्तमान में राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियां शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भी संचालित की जा रही हैं। वक्ताओं ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन, उपलब्धियों, शिक्षाप्रद गुणों एवं विचारों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।



अड़रापारा और मुंगबाड़ी के आंबा केंद्र में मिलन सेवा कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

नगर के अड़रापारा एवं मुंगबाड़ी स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी मिलन सेवा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी सेवाओं, बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य तथा महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों तक पहुंचाई गई।

- जनप्रतिनिधियों ने बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और महिलाओं को मिलने वाली योजनाओं की

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पूजा-अर्चना से की गई। इसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों की जानकारी ली और बच्चों तथा महिलाओं से संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की उपस्थिति, उनके पोषण एवं स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम में पार्षद राजेंद्र ठाकुर ने बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार आवश्यक है। बच्चों में कुपोषण की स्थिति न बने, इसके लिए अभिभावकों को बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मिलने वाले पोषण आहार एवं अन्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास की नींव प्रारंभिक अवस्था में ही मजबूत होती है। ऐसे में आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका केवल बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके स्वास्थ्य, पोषण और समग्र विकास में भी इन केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

पीएम श्री विद्यालय भाषण प्रतियोगिता

केशकाल। सेवा संकल्प अभियान के तहत केशकाल के पीएम श्री विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय भाषण प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामाजिक सरोकार, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, सेवा एवं राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। सेवा संकल्प अभियान के संयोजक प्रशांत पात्र ने कहा कि अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों और युवाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने जिस आत्मविश्वास के साथ विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे, वह सराहनीय है। भाजपा मंडल अध्यक्ष लंबोधर सलाम ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अपनी प्रतिभा और व्यक्तित्व विकास के लिए भी अवसर मिलना चाहिए। भाषण प्रतियोगिताएं बच्चों में अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का आत्मविश्वास पैदा करती हैं और उन्हें भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करती हैं। पार्षद भूपेश चंद्राकर ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए उचित मंच और अवसर मिलना जरूरी है। प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पार्षद सुदर्शन कुंजाम, शाला विकास समिति के अध्यक्ष अजय मिश्रा, चमन नाग,जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, खंड शिक्षा अधिकारी के एस पोया, बी आर सी बलराम नाग, कार्यक्रम का प्रभावी संचालन विवेक श्रीवास्तव ने किया।



कोरबिड़ पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन

फरसगांव। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जनपद पंचायत फरसगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत कोर्राबड़गांव में 2 अक्टूबर को अनिवार्य ग्रामसभा का आयोजन किया गया।



ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेश नेताम ने की। कार्यक्रम में सरपंच नरसू राम मंडावी, पूर्व ग्राम सभा अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, पंच एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, जनपद पंचायत फरसगांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेन्द्र नेताम तथा विजय कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद जायसवाल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में ग्राम सभा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में ग्राम विकास, पंचायत की प्राथमिक आवश्यकताओं, रोजगार एवं आजीविका से संबंधित गतिविधियों, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा ग्राम पंचायत विकास योजना से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। ग्रामीणों से विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता एवं अपनी आवश्यकताओं को ग्रामसभा के समक्ष रखने का आह्वान किया गया।

महतारी वंदन योजना से निमेश्वरी को मिल रहा आर्थिक संबल

कोण्डागांव। महतारी वंदन योजना महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के साथ परिवार के भविष्य के लिए बचत करने में सहायक बन रही है। जिले की हितग्राही श्रीमती निमेश्वरी वैद्य को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। उनके लिए यह राशि घरेलू जरूरतों को पूरा करने के साथ भविष्य की बेहतर तैयारी का माध्यम बन रही है। निमेश्वरी वैद्य बताती हैं कि योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग वे छोटे–मोटे घरेलू खर्चों के लिए करती हैं। आवश्यक खर्चों के बाद बची राशि को अपनी बेटी के सुकन्या समृद्धि योजना के खाते में जमा करती हैं। इससे वर्तमान की जरूरतों के साथ बेटी के भविष्य के लिए आर्थिक आधार तैयार करने में मदद मिल रही है।



टेबल टेनिस कोर्ट और अस्पताल में शेड निर्माण का भूमिपूजन

विधायक लता उसेण्डी ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



कोण्डागांव। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेण्डी ने बुधवार को कोण्डागांव में विभिन्न विकास कार्यों भूमिपूजन किया। उन्होंने जिला अस्पताल चिखलपुटी में 15 लाख की लागत से बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके बाद एनसीसी मैदान के समीप खिलाड़ियों की सुविधा के लिए टेबल टेनिस कोर्ट निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया।

विधायक लता उसेण्डी ने कहा कि कोण्डागांव में खेल सुविधाओं के विस्तार के साथ अधोसंरचना विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। टेबल टेनिस कोर्ट के निर्माण से जिले के खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रशिक्षण के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

विधायक ने कहा कि देश के खिलाड़ी एशियन गेम्स सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। कबड्डी और तीरंदाजी जैसे खेलों में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उन्होंने जिले के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोण्डागांव का नाम रोशन करने की अपील की।

विधायक लता उसेण्डी ने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता में सक्रिय सहभागिता की अपील की। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत घरों में पौधे लगाने तथा सार्वजनिक स्थलों एवं भवनों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया।

नगर पालिका परिषद कोण्डागांव के अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि विधायक लता उसेण्डी के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्योंर् को गति मिली है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में टेबल टेनिस कोर्ट का निर्माण महत्वपूर्ण पहल है।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि टेबल टेनिस कोर्ट एवं भवन के निर्माण से जिले के खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रशिक्षण के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि कोण्डागांव खेल गतिविधियों के लिए एक बेहतर केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यहां से प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे।



खबर संक्षेप

शिशुमंदिर में मनाई गई गांधी जयंती



लोहंडीगुड़ा। सरस्वती शिशुमंदिर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधीकी जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधीके चित्र पर पुष्प अर्पित कर कियागया। इस अवसर पर विद्यालय केप्रधानाचार्य, आचार्यगण और विद्यार्थियोंने गांधी के जीवन, सत्य, अहिंसा,स्वच्छता एवं देशसेवा के आदर्शोंको याद किया। समारोह में विद्यार्थियों को महात्मागांधी के विचारों एवं उनके जीवन सेप्रेरणा लेने के लिए प्रेरित कियागया। साथ ही सभी ने स्वच्छताबनाए रखने तथा समाज के प्रतिअपने दायित्वों का निर्वहन करनेका संकल्प लिया। कार्यक्रम कासमापन राष्ट्रहित और समाजहितमें कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

पर्यटन फुटबॉल कप में ओरछा और बैलाडीला के बीच रोमांचक मुकाबला

गीदम। बारसूर में पर्यटन फुटबॉल कप का आयोजन स्थानीय युवाओं द्वारा कराया जा रहा है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन अब तक का सबसे रोमांचक मुकाबला ओरछा और बैलाडीला के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया और निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहा। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में ओरछा ने बैलाडीला को 7-6 गोल से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। दर्शकों ने इस रोमांचक मैच का भरपूर आनंद लिया। वहीं दूसरे मैच में नारायणपुर और किरंदुल के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें नारायणपुर ने किरंदुल को हराया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षु थाना प्रभारी संजय पोटाम उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम लाल निषाद, पुरुषोत्तम यादव, हेमंत नेगी, विजय मरकाम, कृष्ण ठाकुर, जय कुमार, राहुल नाग, नीरज सर और प्रशांत सर मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल को खेल भावना से खेलने का संदेश दिया। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं में खेल के प्रति रुचि जागृत करना है।

गांधी जयंती पर सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों का सम्मान, बांटी गई सुरक्षा किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

गांधी जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में कार्यरत स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों के सम्मान व प्रोत्साहन के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपाध्यक्ष, जनप्रतिनिधि तथा निकाय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समस्त स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों को सुरक्षा किट का वितरण किया गया। सुरक्षा किट प्रदान करने का उद्देश्य स्वच्छता कार्य के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित

सुंदर और स्वस्थ शहर बनाने का लिया गया सामूहिक संकल्प

स्वच्छता की ली गई सामूहिक शपथ

कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई। सभी ने अपने कार्यक्षेत्र एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने, स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करने तथा स्वच्छता को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का सामूहिक संकल्प लिया।



नागरिकों से सहभागिता की अपील

नगर पालिका अध्यक्ष ने भी स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि "हम सबने यह ठाना है, दंतेवाड़ा को स्वच्छ बनाना है।" उन्होंने नागरिकों से अपील की कि स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं तथा स्वच्छता कर्मियों के साथ सहयोग करते हुए शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

करने के साथ-साथ उनके मनोबल को बढ़ाना और उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करना रहा। इसके साथ ही स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता कर्मी नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान का ध्यान रखना निकाय की प्राथमिकता है। सामूहिक सहभागिता और निरंतर प्रयासों से दंतेवाड़ा को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ शहर बनाने के लक्ष्य को और मजबूती मिलेगी। प्रतिदिन नागरिकों के बीच रहकर काम करने वाले इन कर्मियों का समर्पण सराहनीय है।

गांधी जयंती पर एसपी ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता और श्रमदान का संदेश

फूलों से ही नहीं, स्वच्छता अपनाकर दें महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा





राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुलिस ने स्वच्छता और जनसेवा का संदेश देते हुए एक

- पुलिस ने सेवा संकल्प एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चलाया विशेष सफाई अभियान

प्रेरणादायी पहल की। 2 अक्टूबर को सेवा संकल्प अभियान, स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं सेवा मेरा योगदान 2026 के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने स्वयं सफाई अभियान में भाग लेकर श्रमदान किया और यह संदेश दिया कि महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि केवल उनके चित्र पर फूल चढ़ाकर ही नहीं, बल्कि उनके स्वच्छता के विचारों को अपने जीवन में उतारकर भी दी जा सकती है।

गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित इस अभियान में एसपी मयंक गुर्जर के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज तिर्की, डीएसपी सपन चौधरी सहित पुलिस कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर कार्यालय परिसर की साफ-सफाई की और अपने कार्यस्थल को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए श्रमदान किया।

स्वच्छता अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर की सक्रिय सहभागिता ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता किसी पद, विभाग या व्यक्ति विशेष की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। जब जिम्मेदार अधिकारी स्वयं आगे बढ़कर श्रमदान करते हैं, तो यह पहल अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करती है। महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वस्थ और सभ्य समाज की बुनियादी आवश्यकता माना था। उनके विचारों में स्वच्छता केवल शरीर या घर तक सीमित नहीं थी, बल्कि सार्वजनिक स्थलों और पूरे समाज को साफ-सुथरा रखने की भावना भी शामिल थी। गांधी जयंती पर सुकमा पुलिस का यह अभियान इसी विचार को व्यवहार में उतारने का प्रयास रहा।

अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता को केवल विशेष अवसरों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। कार्यालय, घर, सड़क, सार्वजनिक स्थल और आसपास का पूरा परिवेश स्वच्छ रखना प्रत्येक व्यक्ति की रोजमर्रा की आदत बननी चाहिए। छोटी-छोटी पहल और सामूहिक भागीदारी से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने कहा, ₹स्वच्छता सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज में किसी भी सकारात्मक बदलाव की शुरुआत हमें स्वयं से करनी चाहिए। अपने कार्यस्थल और परिवेश को स्वच्छ रखकर ही हम एक स्वस्थ समाज की नींव रख सकते हैं।₹ उन्होंने श्रमदान के महत्व को रेखांकित करते हुए स्वच्छता के प्रति निरंतर जागरूकता बनाए रखने का संदेश दिया।

पुलिस की पहल एक सार्थक संदेश

गांधी जयंती पर सुकमा पुलिस की यह पहल एक सार्थक संदेश छोड़ गई कि राष्ट्रपिता के आदर्शों को याद करने का सबसे प्रभावी तरीका उन्हें अपने आचरण में शामिल करना है। महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए फूलों की आवश्यकता जरूर हो सकती है, लेकिन उनके स्वच्छता संबंधी विचारों को साकार करने के लिए हाथों में झाड़ू उठाना और अपने आसपास सफाई रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सुकमा पुलिस का यह श्रमदान केवल कार्यालय परिसर की सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि स्वच्छता को संस्कार और जिम्मेदारी बनाने की दिशा में एक प्रेरक संदेश है।

सीआईएसएफ ने किया रक्तदान, बाजार क्षेत्र में चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सीआईएसएफ इकाई द्वारा सामाजिक सरोकार और जनसेवा की भावना के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में

- जवानों और आईटीआई के विद्यार्थियों ने श्रमदान कर आमजन को पर्यावरण और सफाई के प्रति किया जागरूक

सीआईएसएफ कर्मियों के साथ-साथ अन्य स्थानीय संस्थानों के कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

मानव सेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीआईएसएफ यूनिट के 12 जवानों ने एनएमडीसी अपोलो अस्पताल बचेली में स्वैच्छिक रक्तदान किया। यह पहल क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों के लिए आपातकाल में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगी। इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को प्रोत्साहित करना और जरूरतमंदों की मदद के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा।

इसी क्रम में स्वच्छ भारत अभियान के तहत बचेली बाजार क्षेत्र में विशेष स्वच्छता और सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में सीआईएसएफ कर्मियों, सीआरपीएफ 230 बटालियन (नेरली) के कार्मिकों तथा एनएमडीसी डीएवी आईटीआई के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर बाजार और उसके आसपास के सार्वजनिक क्षेत्रों की साफ-सफाई की। साथ ही दुकानदारों और आम लोगों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने, उचित कचरा निस्तारण और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इन गतिविधियों के माध्यम से सीआईएसएफ ने गांधी जी के स्वच्छता, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया।

सीआरपीएफ ने चलाया विशेष सफाई अभियान की स्कूल परिसर की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

परिचालन रेंज कोंटा के डीआईजी राजेश पांडे के मार्गदर्शन और 217वीं वाहिनी सीआरपीएफ के कमांडेंट विजय शंकर के नेतृत्व में डी.ए.व्ही. स्कूल प्रांगण एवं आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों, नगर पंचायत के मुख्य नगर पंचायत अधिकारी झम्मनलाल साहू, निकाय कर्मचारियों तथा स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर कैंप और डी.ए.व्ही. स्कूल के चारों तरफ के परिसर की विशेष साफ-सफाई की। अभियान के दौरान कमांडेंट विजय शंकर ने



उपस्थित सभी अधिकारियों और जवानों को इस अभियान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने ₹स्वच्छता ही सेवा है₹ के संदेश को रेखांकित करते हुए इस बात पर विशेष जोर दिया कि साफ-सफाई को केवल विशेष दिनों तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि इसे अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाए। उन्होंने कहा कि अपने आसपास के परिसर को हमेशा स्वच्छ रखने से बीमारियों को फैलने से रोका जा सकता है।

इस विशेष स्वच्छता अभियान के अवसर पर वाहिनी के वीरेंद्र कुमार, नीर सिंह मीणा, विजय कुमार एवं तुहिन कुमार पात्रा भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नगर पंचायत के अमले और स्थानीय युवाओं की सक्रिय सहभागिता से पूरे स्कूल परिसर को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ बनाया गया।



231 बटालियन ने शुरू किया स्वच्छता अभियान 6.0, हाईवे पर जवानों ने उठाया कचरा

गीदम। कमांडेंट सुनील भवर के नेतृत्व में 231 बटालियन द्वारा स्वच्छता अभियान 6.0 का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 2 अक्टूबर 2026 से 31 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। इसी क्रम में वाहिनी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-63 पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कमांडेंट सुनील भवर ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्लास्टिक कचरा पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, इसलिए इसका निपटान वैज्ञानिक तरीकों से किया जाना आवश्यक है ताकि आने वाली पीढ़ियों को दुष्प्रभावों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि देश को स्वच्छ बनाने के लिए सर्वप्रथम स्वयं को जागरूक करना होगा। अभियान के दौरान जवानों और अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-63 के दोनों तरफ से प्लास्टिक पैकिंग, कचरा और बोतलें एकत्रित कीं। यह अभियान पूरे अक्टूबर माह चलाया जाएगा जिससे स्थानीय नागरिकों में जागरूकता पैदा हो सके। इस अवसर पर 231 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी सतीश कुमार मलिक, उप कमांडेंट संजय कुमार पूनिया, उप कमांडेंट एम. संतोष सिंह, चिकित्सा अधिकारी मनमोहन मीणा तथा वाहिनी के सभी अधीनस्थ अधिकारी और जवान उपस्थित रहे।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने संगमपल्ली में चलाया स्वच्छता अभियान, लगाए फलदार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मद्देड़

स्वच्छता ही सेवा 2026 मिशन के अंतर्गत मद्देड़ क्षेत्र के ग्राम संगमपल्ली में विशेष स्वच्छता

- 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जवानों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

अभियान चलाया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर ए/22 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों और जवानों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय संगमपल्ली में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सामूहिक पौधारोपण किया गया। इस विशेष पर्यावरण अभियान



के अवसर पर ए/22 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहायक कमांडेंट मनोज कुमार एवं जवानों ने विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे लगाए। इस पौधारोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देना, पर्यावरण का प्रभावी संरक्षण करना तथा आम नागरिकों के बीच स्वच्छ और सुंदर वातावरण के प्रति जन जागरूकता पैदा करना रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सुरक्षा बल के अधिकारियों, जवानों, विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने केवल पौधारोपण ही नहीं किया, बल्कि लगाए गए सभी पौधों की नियमित रूप से देखभाल करने और उनके पूर्ण संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी लिया। जवानों ने बच्चों को पर्यावरण का महत्व समझाया और बताया कि वृक्षारोपण ही आने वाले भविष्य को सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त बनाने का एकमात्र जरिया है।

झाड़ू लेकर सफाई में उतरे डॉक्टर-कर्मचारी महारानी अस्पताल में गूंजा स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

गांधी जयंती के अवसर पर जिला महारानी अस्पताल में शुक्रवार को नजारा कुछ अलग रहा। मरीजों का इलाज करने वाले डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारी हाथों में झाड़ू लेकर सफाई अभियान में जुटे नजर आए। सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित इस अभियान में चिकित्सालय परिसर के विभिन्न हिस्सों की सफाई की गई और जगह-जगह जमा कचरे व अनुपयोगी सामग्री को हटाया गया। अभियान के दौरान अस्पताल के चिकित्सकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक श्रमदान कर न केवल परिसर की सफाई की,



बल्कि स्वच्छता को रोजमर्रा की कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाने का संदेश भी दिया। सभी ने स्वच्छता की शपथ लेते हुए अपने कार्यस्थल और आसपास के वातावरण को साफ रखने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। स्वच्छता अभियान में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. संजय प्रसाद, प्रभारी मेट्रन तनुजा पात्रा, जिला अस्पताल सलाहकार डॉ. नीरज कुमार ओझा, आयुष विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. रमेश खूंटे सहित चिकित्सक, चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ, कार्यालयीन अधिकारी-कर्मचारी तथा अन्य अस्पतालकर्मी शामिल हुए। सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने कहा कि अस्पताल में स्वच्छता का महत्व सामान्य स्थानों की तुलना में कहीं अधिक है। स्वच्छ परिसर मरीजों और उनके परिजनों को बेहतर वातावरण देने के साथ संक्रमण की रोकथाम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

डीपीएस में एक पेड़ मां के नाम से जवानों ने लगाए फलदार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

गांधी जंयती व स्वच्छ भारत दिवस 2026 के तहत केरिपुबल रेंज जगदलपुर द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल जगदलपुर में वृक्षारोपण

- पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढाने चलाया गया जन जागरूकता
- डीआईजी सीआरपीएफ समेत जवानों ने दिया स्वच्छता का सदेंश

कार्यक्रम आयोजित किया गया था। डीआईजी सीआरपीएफ एस अरूल कुमार ने इस अवसर पर कहा कि एक पेड मां के नाम से वृक्षारोपण अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढाने की दिशा में जन जागरूकता



फैलाना है। इस अवसर पर डीआईजी एस अरूल कुमार के नेतृत्व में टूआईसी दिनेश कुमार सिंह, उप कमाण्डेंट मनीष सक्सेना, सहायक कमाण्डेंट एन्टोनी एम व संजय कुमार भटटाचार्य के साथ सभी जवानों तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल की निदेशक रितिका जैन द्वारा विद्यालय परिसर में अपने सभी स्टॉफ के सहयोग से 55 फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे लगाया गया। डीआईजी ने इस अवसर पर मौजूद लोगों को सर्वप्रथम स्वच्छता शपथ दिलवाई गई। उन्होने कहा कि वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि हमें इसे अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। पेड़ न केवल हमें स्वच्छ वायु और छाया प्रदान करते है बल्कि आने वाली पीढियों के लिए भी एक बेहतर वातावरण सृजित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल के समस्त स्टॉफ द्वारा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया।

न्यायालय तहसीलदार, लोहण्डीगुडा, जिला बस्तर (छ.ग.)

प्रकरण क्रमांकः-202609151000021/ब-121/25-26
ग्राम चित्रकोट प.ह.नं 12

उद्घोषणा

सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक मुरलीधर कश्यप पिता जयमन कश्यप निवासी चित्रकोट तहसील लोहण्डीगुड़ा, जिला बस्तर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन अनुसार आवेदक के पिता जयमन कश्यप पिता चैतू कश्यप की मृत्यु दिनांक 19.11.1991 को ग्राम चित्रकोट तहसील लोहण्डीगुड़ा में होना बताया गया है। उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। जिसकी पेशी दिनांक 05.10.2026 को नियत कि गई है। अतः यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो, तो वह निर्धारित तिथि के भीतर न्यायालय में लिखित रूप से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। समयावधि समाप्त होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा और नियमानुसार त्रुटि सुधार की कार्यवाही की जाएगी।

आज दिनांक 18.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा, जिला- बस्तर (छ.ग.)

खबर संक्षेप

मोसूराम सेवानिवृत्त, दी गई विदाई



जगदलपुर। बस्तर वन मंडल में पदस्थ बस्तर वनमंडलाधिकारी के वाहन चालक पद पर पदस्थ मोसूराम ठाकुर सेवानिवृत्त हुए, इस पर विदाई दी। विदाई समारोह में जगदलपुर वृत की मुखिया मुख्य वन संरक्षक सुश्री स्टाइलो मंडावी, वनमंडलाधिकारी बस्तर दिपेश कपिल, उप वनमंडलाधिकारी चित्रकोट, परिक्षेत्र अधिकारी चित्रकोट, परिक्षेत्र अधिकारी जगदलपुर, वृत कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी, वन मंडल जगदलपुर के अधिकारी, कर्मचारी एवं वाहन चालक के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उनकी टीम शामिल रहे।

रेल मार्ग बंद, बसों में अवैध वसूली पर कांग्रेस आक्रोशित

जगदलपुर। किरंदुल-विशाखापटनम रेल मार्ग बंद होने से



एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन ठप है। इसका फायदा उठाकर निजी बस ऑपरेटर यात्रियों से 800 रुपये की जगह 1200 से 1800 रुपये तक मनमाना किराया वसूल रहे हैं। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अभिषेक नायडू ने इस अवैध वसूली की निंदा की। उन्होंने कहा कि विशाखापट्नम जाने वाले अधिकतर लोग लाचार मरीज होते हैं। नायडू ने स्थानीय प्रशासन, आरटीओ और परिवहन मंत्री केदार कश्यप पर सुस्ती का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने तुरंत किराए पर अंकुश नहीं लगाया, तो कांग्रेस आरटीओ कार्यालय का उग्र घेराव करेगी।

शमक विवि में सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म भरना शुरू

जगदलपुर। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 के जुलाई-दिसंबर सेमेस्टर परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा कक्षाओं (बीए, बीएससी, बीकॉम, एमए, एमएससी, डीसीए, पीजीडीसीए आदि) के विद्यार्थी आधिकारिक वेबसाइट पर यूजर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से 1 से 15 अक्टूबर तक फॉर्म भर सकते हैं। परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन होगा। फॉर्म भरने के बाद संबंधित महाविद्यालय आवेदन का सत्यापन करेंगे। किसी भी समस्या के समाधान के लिए विद्यार्थी हेल्पलाइन नंबर, कंप्लेन बॉक्स और ई-मेल पर संपर्क कर सकते हैं। नवीनतम जानकारी के लिए वेबसाइट देखते रहें।

पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार 6 से

जगदलपुर। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत अंग्रेजी, समाजशास्त्र, समाजकार्य एवं विधि विषयों के भी साक्षात्कार की तिथि जारी कर दिया गया है। चिन्हांकित अभ्यर्थियों की सूची के अनुसार अंग्रेजी 14 एवं 15 अक्टूबर को 10 बजे से, समाजशास्त्र एवं समाजकार्य 26 अक्टूबर को 10 बजे एवं 1 बजे से, विधि 31 अक्टूबर को 10 बजे से साक्षात्कार विवि के अकादमिक भवन में होगी। इससे पहले विभिन्न विषयों में पीएचडी प्रवेश हेतु साक्षात्कार 6 से 14 अक्टूबर बीच आयोजित होने की अधिसूचना भी जारी हो चुकी है। अधिक जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करें।

आनलाइन नामांकन आवेदन की अंतिम तिथि 10 तक बढ़ी

जगदलपुर। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर द्वारा शिक्षण सत्र 2026-27 में प्रवेशित स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा कक्षाओं के नियमित व स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं के लिए नामांकन आवेदन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं में अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी जो अब तक नामांकन कराने से वंचित रह गए हैं, वे निर्धारित विलम्ब शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी विश्वविद्यालय के वेबसाइट का अवलोकन करें।

एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, भेजा गया जेल

नशीली कैप्सूल बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को आरोपी नशीली कैप्सूल बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहा था तभी कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मगडूं कचौरा रोड गोयल बाड़ी के पास के अवैध रूप से नशीली टेबलेट बिक्री करने खड़ा हैं। मौके पर पहुंचकर टीम द्वारा घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम संदीप नाग 28 साल निवासी डोंगाघाट थाना कोतवाली को रहने वाला बताया। उसके कब्जे से 56 नग प्रतिबंधित अवैध नशीली कैप्सूल बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 2 हजार 8 सौ रूपए आंकी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ 21 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विशेष न्यायालय एनडीपीएस में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा प्रशिक्षु एसआई रानी सोनी, एसआई अरूण मरकाम, प्रमोद ठाकुर, प्रधान आरक्षक विनोद चांदने, आरक्षक रंगलाल खरे, बलराम, रीना अनंत, महेंद्र, कृष्ण नेताम, धर्मेंद्र व मंहगू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सीसीएफ ने वन्यप्राणी बोर्ड सदस्य के साथ किया क्षेत्र का निरीक्षण

हिंसक वन्यप्राणी की गतिविधियों और पदचिह्नों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



वन्यप्राणियों की गतिविधियों की निगरानी और उनके संरक्षण को लेकर वन विभाग जगदलपुर वृत्त द्वारा क्षेत्र में सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में वन विभाग जगदलपुर वृत्त की सीसीएफ सुश्री स्टायलो मण्डावी एवं सीसीएफ (वन्यप्राणी) उत्तम कुमार गुप्ता ने छत्तीसगढ़ वन्य प्राणी बोर्ड के सदस्य गौरव निहलानी के साथ हिंसक वन्यप्राणी की गतिविधियों एवं उसके पदचिह्नों का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र में वन्यप्राणी की मौजूदगी से जुड़े संकेतों, पदचिह्नों तथा आवागमन के संभावित मार्गों का बारीकी से अवलोकन किया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद वन अमले से क्षेत्र में वन्यप्राणी की गतिविधियों की जानकारी ली और निगरानी व्यवस्था के संबंध में भी चर्चा की। अधिकारियों ने वन्यप्राणी की गतिविधियों को देखते हुए आसपास के क्षेत्रों में सतर्कता बरतने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया। साथ ही वन्यप्राणी के मूवमेंट पर नजर रखने और आवश्यकता के अनुसार कैमरा ट्रैप सहित अन्य निगरानी माध्यमों का उपयोग करने के निर्देश दिए गए। वन विभाग द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को भी वन क्षेत्र में अनावश्यक आवाजाही से बचने तथा वन्यप्राणी दिखाई देने पर उसके करीब नहीं जाने की सलाह दी जा रही है। निरीक्षण का उद्देश्य वन्यप्राणी की गतिविधियों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर सुरक्षा एवं संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने वन अमले को लगातार सतर्क रहने के निर्देश दिए।

बस्तर में पहली बार टाइगर प्रोटेक्शन व मॉनिटरिंग कार्यशाला

बाघ के पगमार्क से लेकर कैमरा ट्रैप मॉनिटरिंग तक सिखाई तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





- वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत वनकर्मियों को दिया प्रशिक्षण

वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार बाघ एवं अन्य वन्यप्राणियों के संरक्षण और प्रभावी मॉनिटरिंग को लेकर बस्तर संभाग स्तरीय टाइगर प्रोटेक्शन एवं मॉनिटरिंग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का प्रथम दिवस शुक्रवार को शहर के गीदम रोड स्थित वन विद्यालय में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आयोजित हुआ। बस्तर संभाग में इस तरह की कार्यशाला पहली बार आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में मुख्य वन संरक्षक स्टाइलो मंडावी, मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) उत्तम कुमार गुप्ता, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक गौतम नारायण पडिभार, एसडीओ योगेश कुमार रात्रे, कमल तिवारी, राज्य वन्यजीव बोर्ड के सदस्य गौरव निलानी एवं भाप्रसे (प्रशिक्षु) पारख सारदा सहित संभाग के 10 सामान्य वनमंडलों, कांगेर वैली नेशनल पार्क तथा इंद्रावती टाइगर रिजर्व के लगभग 150 वन अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कार्यशाला में बाघ संरक्षण, वन्यप्राणी संरक्षण और प्रभावी निगरानी से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। गौरव निलानी एवं योगेश रात्रे ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बाघ की सामान्य विशेषताओं, आवास एवं आवश्यकताओं, क्षेत्र की पहचान, व्यवहार एवं गतिविधियों, आहार और शिकार की पसंद सहित विभिन्न विषयों की जानकारी दी। प्रशिक्षण में बाघ के अवलोकन एवं आवश्यक माप, पगमार्क की संरचना एवं पहचान तथा बाघ और तेंदुए के पदचिह्नों में अंतर की जानकारी भी दी गई। नर-मादा बाघ की पहचान, पैर के तलवे की छाप, बाघ की चाल एवं गति के पैटर्न, पदचिह्नों का अनुसरण, मल एवं अन्य क्षेत्रीय संकेतों की पहचान, खरोंच के निशान तथा क्षेत्र की निशानदेही जैसे विषयों पर भी प्रशिक्षण दिया गया।

कैमरा ट्रैप व मुखबिर तंत्र पर भी जोर

वन्यप्राणियों की निगरानी के लिए कैमरा ट्रैप एवं फील्ड आधारित मॉनिटरिंग तकनीकों की जानकारी दी गई। मैदानी स्तर पर वन्यप्राणियों की मौजूदगी के संकेतों की पहचान और उनकी गतिविधियों की प्रभावी निगरानी की प्रक्रियाओं को भी समझाया गया। वन्यजीव अपराधों की पहचान एवं रोकथाम, अवैध गतिविधियों की सूचना, निगरानी तथा मुखबिर तंत्र को मजबूत करने से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। प्रशिक्षण के बाद सभी प्रतिभागियों की परीक्षा आयोजित की गई। कार्यशाला का दूसरा दिवस 3 अक्टूबर को आयोजित होगा, जिसमें फील्ड विजिट और प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से टाइगर प्रोटेक्शन एवं मॉनिटरिंग की तकनीकों को मैदानी स्तर पर समझाया जाएगा।

एनएमडीसी डीएवी स्कूल में 'रन फॉर डीएवी' का आयोजन, बच्चों ने हाफ मैराथन में लगाई दौड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर एनएमडीसी डीएवी रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल, धनपुंजी में 'रन फॉर डीएवी' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में शांति, अहिंसा, सत्य, एकता, स्वच्छता तथा ईमानदारी के मूल्यों को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों ने धनपुंजी मुख्य सड़क पर शांति रैली निकालकर लोगों को गांधीजी के आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। वहीं कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए हाफ मैराथन का आयोजन किया गया, जिसे एलएमसी अध्यक्ष एवं एनएसएल के कार्यकारी निदेशक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टाउनशिप कम्युनिटी हॉल से शुरू हुई इस दौड़ में लक्ष्मी नारायण, बेणुधर बघेल, योगिता बघेल एवं मंजू बघेल ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए विजेता स्थान प्राप्त किया, जिन्हें अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

एलएमसी अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन दोनों महान विभूतियों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि महान व्यक्तित्वों को सच्ची श्रद्धांजलि उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना है। उन्होंने बच्चों से सत्य, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

जवानों ने लिया स्वच्छ समाज बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- केरिपुबल रेंज ने नक्षत्र वाटिका में चलाया अभियान

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत केरिपुबल रेंज जगदलपुर द्वारा नक्षत्र वाटिका में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था। अभियान के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने, कचरे को निर्धारित स्थान पर डालने और स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर केरिपुबल रेंज जगदलपुर के उप महानिरीक्षक एस. अरूल कुमार ने अधिकारियों और जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ वातावरण ही स्वच्छ समाज की आधारशिला है और इसे बनाए रखने के लिए सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

अभियान में उप महानिरीक्षक एस. अरूल कुमार के नेतृत्व में द्वितीय कमान अधिकारी दिनेश कुमार सिंह, उप कमाण्डेंट मनीष सक्सेना, सहायक कमाण्डेन्ट एन्टोनी एन., सहायक कमाण्डेंट संजय कुमार भटटाचार्य के साथ सभी जवान शामिल हुए। इसके साथ ही शहर के महापौर संजय पाण्डे, स्वच्छता एंबेसडर डीके पाराशर और नगर निगम के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



गांधी जयंती पर छोटेदेवड़ा में नवीन बुनाई प्रशिक्षण का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की पहल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को समग्र हाथकरघा विकास योजना अंतर्गत नवीन बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम छोटेदेवड़ा में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के करकमलों से किया गया।

नक्सलवाद से प्रभावित रहे क्षेत्रों में शांति स्थापित होने के बाद वहां के ग्रामीणों को सतत एवं सम्मानजनक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए ग्रामोद्योग विभाग के हाथकरघा प्रभाग द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को पारंपरिक हस्तकला एवं बुनाई कार्य से जोड़कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है।

इसी कड़ी में बस्तर संभाग के बस्तर जिले के ग्राम छोटेदेवड़ा में नवीन बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 हितग्राहियों के साथ सरपंच, प्रबंधक समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित हाथकरघा विभाग से रमेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की गरिमामय उपस्थिति रही।

बाढ़ पीड़ितों को मिली राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- आजीविका के लिए स्वरोजगार का भरोसा

ग्राम पंचायत बड़े चकवा में इंद्रावती नदी की बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए बस्तर सामाजिक जन विकास समिति ने राहत एवं सहायता अभियान चलाया। समिति की ओर से उन परिवारों को विशेष रूप से राहत सामग्री वितरित की गई, जिनके घर बाढ़ के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर गिर चुके हैं। इस दौरान प्रभावित परिवारों को खाट, कंबल, चटाई, तिरपाल, कॉपी-पेन, राशन सामग्री और विद्युत सामग्री सहित दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं दी गईं।

राहत सामग्री वितरण के दौरान समिति के सचिव सुशील कुमार पाण्डे ने कहा कि समिति का उद्देश्य बस्तर क्षेत्र के लोगों के कल्याण के लिए लगातार कार्य करना है। वर्तमान समय में बाढ़ प्रभावित परिवारों के सामने बड़ी कठिनाइयां हैं। ऐसे समय में की जा रही यह सहायता पीड़ित परिवारों को हौसला और मानसिक संबल देती है। समाज के सक्षम लोगों और संस्थाओं को आगे आकर जरूरतमंद परिवारों की सहायता करनी चाहिए। इसके साथ ही प्रभावित परिवारों की आजीविका को मजबूत करने के लिए दोना-पत्तल निर्माण मशीन अथवा अन्य उपयोगी मशीनों के माध्यम से स्वरोजगार उपलब्ध कराने में भी सहयोग किया जाएगा।

इस मानवीय कार्य के लिए ग्राम पंचायत बड़े चकवा की सरपंच जनक कश्यप और उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने समिति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में मिली यह सहायता पीड़ितों का मनोबल बढ़ाएगी।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में ग्रामीण कल्याण पटेल, महाजन बघेल सहित समिति के कोषाध्यक्ष वी. नागेश, सियाराम नेताम, नारायण दास पंथ, थबीर सिंह चन्देल, हर्षिता गुप्ते, हरिमोहन रॉय, आयुष पाण्डे, कमल यादव, संतोष कुमार पटेल, इतेश राजीव, रमेश मौर्य, आसमन कश्यप, खुशबो राम कश्यप, प्रकाश मंडल, मनीषा कश्यप, सुखविंदर कौर, सुचित्रा पॉल, ज्योत्सना प्रधान, सरिता बघेल, बबली बघेल, गुड़िया मौर्य, जमली कर्मा और रुचिका यादव मौजूद रहे।



विश्व बुजुर्ग दिवस पर मेकाज में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम व विभिन्न स्पर्धाएं

स्वास्थ्य की जांच, चश्मे और छड़ी का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को विश्व बुजुर्ग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों के सम्मान, अधिकार, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करना था। डीन डॉ. प्रदीप बेक, एमएस डॉ. अनुरूप साहू एवं डॉ. केएल आजाद के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मेडिसिन विभाग द्वारा ब्लड शुगर की जांच की गई, जिसमें डॉ. जॉन मसीह एवं डॉ. अविनाश नेताम का सहयोग रहा। वहीं, ईएनटी विभाग ने बुजुर्गों की कान की जांच की। इस दौरान डॉ. हेमंत शर्मा एवं डॉ. अर्चना ने सेवाएं दीं। नेत्र रोग विभाग की ओर से वरिष्ठजनों का नेत्र परीक्षण किया गया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. छाया शोरी, डॉ. टीसी अडवानी एवं डॉ. मनीष बंसल ने जांच में सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों को चश्मे के साथ सहारे के लिए छड़ियों का वितरण भी किया गया।

विश्व बुजुर्ग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य और सम्मान के साथ उनकी सामाजिक सहभागिता पर भी जोर दिया गया। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि बुजुर्गों का अनुभव और मार्गदर्शन समाज की अमूल्य धरोहर है। उनकी बेहतर देखभाल और सम्मान की जिम्मेदारी परिवार के साथ पूरे समाज की है।

रंगोली व पोस्टर स्पर्धा

इस अवसर पर रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम दीपांशी सिंह एवं कोमल अग्रवाल, द्वितीय खुशी पटेल एवं रोशनी सूर्यवंशी, तृतीय सूर्या गृतलहरे एवं विधि चेनोड़ा रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम अमिता बिज्जू, द्वितीय दीपांशी एवं कोकिला, सौम्या गुप्ता, तृतीय दीपांशी एवं पल्लवी डोंगरे प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

